भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2471

दिनांक 24.03.2022 को उत्तर देने के लिए

पोलैंड की पुलिस द्वारा भारतीय विद्यार्थियों को प्रताड़ित किया जाना

2471. श्री राम नाथ ठाकुरः
श्री विशम्भर प्रसाद निषादः
चौधरी सुखराम सिंह यादवः

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यूक्रेन में फंसे विद्यार्थियों को पोलैंड सीमा पर पोलैंड पुलिस बल द्वारा प्रताड़ित किया गया है;

(ख) क्या सरकार ने पोलैंड से विद्यार्थियों को सुरक्षित रुप से निकालने में ढिलाई बरती है जिसके कारण विद्यार्थी वहां भूखे-प्यासे हैं और पुलिस की प्रताड़ना का शिकार हो रहे हैं; और

(ग) क्या सरकार ने समय रहते विद्यार्थियों को वहां से निकालने में ढिलाई बरती जिसके कारण भारतीय विद्यार्थी मर रहे हैं और घायल हो रहे हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्रीमती मीनाक्षी लेखी)

(क) यूक्रेन में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों के प्रस्थान के समय पोलैंड सीमा पर कठिन परिस्थितियां थीं। हमारे दूतावास इस समस्या को हल करने के लिए सीमा पर तैनात प्राधिकारियों के संपर्क में थे।

(ख) और (ग) भारत सरकार ने पोलैंड के रास्ते यूक्रेन से लगभग 3700 भारतीय नागरिकों को निकाला है। "ऑपरेशन गंगा" के तहत, 01-10 मार्च, 2022 के बीच पोलैंड के लिए 17 विशेष उड़ानें संचालित की गईं। पोलैंड सीमा को पार करने के बाद छात्रों को कम समय में निकाला गया।

***